Title Need to release remaining funds for early completion of gauge conversion work between Kanpur and Hathras in Uttar Pradesh.

श्री चन्द्र भूाण सिंह (फर्रुखाबाद) : अध्यक्ष महोदय, कानपुर से हाथरस के बीच रेलवे की मीटरगेज लाइन का ब्राडगेज लाइन में आमान परिवर्तन का कार्य बड़े जोर शोर से आरम्भ किया गया था, परन्तु आमान परिवर्तन का कार्य अत्यन्त धीमी गति से चल रहा है, जिसकी मूल वजह पर्याप्त फंड की अनुपलब्धता है। प्रारंभ में इस योजना पर कुल 230 करोड़ रुपए के व्यय का आकलन किया गया था। इसमें से लगभग 65 करोड़ रुपए अब तक उपलब्ध कराया जा सका है। यहां पर यह उल्लेखनीय है कि यदि यह कार्य शीघ्र पूरा हो जाता है, तो इस क्षेत्र के लोगों के लिए लखनऊ, दिल्ली एवं देश के अन्य भागों की रेल यात्रा सुगम हो जाएगी। इस विषय में कई बार मैंने मामला उठाया था। तत्कालीन रेल मंत्री महोदया ने मुझे अपने पत्र दिनांक 26-6-2000 द्वारा आश्वासन दिया था कि इस प्रोजेक्ट को अधिक राशि देने के लिए ले लिया गया है, परन्तु अभी तक अतिरिक्त धन का आबंटन नहीं हो सका है। अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र के नागरिकों की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए पर्यप्त धन उपलब्ध कराने का कट करें।